उत्तराखंड में क्षेत्रीय उड़ान कार्यक्रम का शुभारंभ

चर्चा में क्यों?

8 अक्टूबर, 2021 को केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तथा केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्यमंत्री जनरल डॉ. वी.के. सिंह (सेवानिवृत्त) ने फिक्की और उत्तराखंड राज्य सरकार के सहयोग से **नागरिक उड्डयन मंत्रालय के एक क्षेत्रीय उड़ान कार्यक्रम का शुभारंभ** किया।

प्रमुख बिंदु

- इस मौके पर उत्तराखंड में देहरादून के जॉली ग्रांट हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया गया और नए उड़ान मार्गों को हरी झंडी दिखाई गई।
- 325 करोड़ रुपए की परियोजना लागत के साथ विकसित नया टर्मिनल भवन 28,729 वर्गमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है और यह **व्यस्त समय के दौरान 1,200 यात्रियों को संभालने में सक्षम** होगा, जिसमें इस हवाई अड्डे की क्षमता आठ गुना बढ़ जाएगी।
- इस मौके पर देहरादून-हल्द्वानी-पंतनगर-पिथौरागढ़-पंतनगर-हल्द्वानी-देहरादून सेक्टर और चिन्यालीसैण-सहस्त्रधारा-चिन्यालीसैण सेक्टर के लिये हेलीकॉप्टर सेवा को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। हेलीकॉप्टर सेवा क्रमश: पवन हंस और हेरिटेज एविएशन द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी।
- उत्तराखंड क्षेत्र में हेली मार्गों का उद्घाटन देश में पहाड़ी क्षेत्रों की हवाई संपर्क को बढ़ाने के लिये **नागरिक उड्डयन मंत्रालय की उड़ान योजना के उद्देश्य के अनुरूप** है। राज्य के भीतर निर्बाध हवाई कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिये उत्तराखंड में 13 और हेलीकॉप्टर्स की पहचान की गई है।
- इस अवसर पर उड्डयन सेवा उद्योग को बढ़ावा देने के लिये नागरिक उड्डयन मंत्रालय (एमओसीए) ने भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) के साथ उत्तराखंड सरकार और पवन हंस लिमिटेड के सहयोग से **हेलीकॉप्टर शिखर सम्मेलन-2021** के तीसरे संस्करण का आयोजन किया।
- इस वर्ष की **थीम 'इंडिया@75: भारतीय हेलीकॉप्टर उद्योग के विकास में तेजी लाना और हवाई संपर्क बढ़ाना'** है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/regional-udan-program-launched-in-uttarakhand